प्लानिंग | इकोनॉमी होटल एवं टीसीबी के लिए प्राइवेट इक्विटी की सहभागिता करेगा ग्रुप : सोनिका मल्होत्रा, कहा- देश में क्वालिटी बजट होटलों की अपार संभावनाएं

एमबीडी ग्रुप का अगले पांच साल में 120 बजट होटल खोलने का लक्ष्य

जासं, लुधियाना : अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इकोनॉमी सेक्टर में होटल के कमरों की उपलब्धता के मुकाबले भारत काफी पीछे है, लेकिन यहां पर अपार संभावनाएं हैं। देश में अधिकतर मिडिल क्लास का औसत वेतन बीस हजार से पचास हजार रुपये प्रति माह है। जब वे लोग कहीं घूमने जाते हैं तो उन्हें 2000 से 2500 रुपये के बीच होटल का कमरा, बेहतर सुविधाओं एवं हाईजीन फूड के साथ चाहिए। उनकी इस जरूरत को पहचानते हुए एमबीडी ग्रुप ने होटलों के मास मार्केट कांसेप्ट को अपनाया है। इसके तहत ग्रुप एमबीडी एक्सप्रेस के बैनर तले देश में इकोनॉमी होटल की नई चेन शुरू कर रहा है। अब तक पांच होटलों के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर हो गए हैं।

पंजाब में मोहाली एवं अमृतसर के अलावा मुंबई एवं अहमदाबाद के लिए बातचीत चल रही है। अगले पांच साल में एमबीडी ने करीब 120 बजट होटल खोलने का लक्ष्य रखा है। यह जानकारी

एमबीडी मॉल में द चॉकलेट बाक्स एंड लाउंज के मौके पर खुशी जाहिर करती एमबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन सतीश बाला मल्होत्रा, एमडी मोनिका मल्होत्रा और जेएमडी सोनिका मल्होत्रा तथा अन्य सदस्य ● जागरण

एमबीडी ग्रुप की ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर सोनिका मल्होत्रा ने सोमवार को एमबीडी मॉल में खुले द चॉकलेट बॉक्स (टीसीबी) के आउटलेट का उद्घाटन करने के बाद विशेष बातचीत में दी। अगले पांच साल में एमबीडी की देश भर में करीब सौ टीसीबी खोलने की योजना है। सोनिका ने कहा कि एमबीडी एक्सप्रेस एवं टीसीबी के विस्तार के लिए ग्रुप प्राइवेट इक्विटी के साथ सहभागिता करेगा। एमबीडी का यह पहला कांसेप्ट है। सोनिका ने कहा कि एमबीडी एक्सप्रेस के तहत पहले चार-पांच होटलों में ग्रुप खुद निवेश करेगा। इसके बाद अगले विस्तार में प्राइवेट इक्विटी की सहभागिता की जाएगी। सोनिका के मुताबिक, ग्रुप का मकसद अगले पांच साल में एमबीडी को देश में और मजबूत करते विदेशों में भी पैठ को मजबूत करना है। इस अवसर पर ग्रुप चेयरपर्सन सतीश बाला मल्होत्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर मोनिका भी मौजूद रहीं।

अगले दस साल में 20 नए लग्जरी होटल खोलने की योजना : सोनिका मल्होत्रा ने कहा कि कंपनी ने एक साल पहले जर्मनी की स्टीजेनवर्गर के साथ संयुक्त उपक्रम किया था। इसके तहत वेंगलुरु में लग्जरी होटल बनाया जा रहा है। इसके अलावा दो अन्य लोकेशन पर भी बातचीत चल रही है। अगले एक-दो माह में इस पर निर्णय ले लिया जाएगा। एमबीडी ग्रुप की योजना अगले दस साल में बीस नए लग्जरी होटल खोलने की है।

द चॉकलेट बॉक्स में शक्कर पारे, गुड़ पारे का मिलेगा स्वाद

जासं, लुधियाना : द चॉकलेट बाक्स लाउंज में अब पंजाबी तड़के का स्वाद मिलेगा क्योंकि शहर में एमबीडी ग्रुप ने शहर के एमबीडी मॉल में द चॉकलेट बाक्स एंड लाउंड की शुरुआत की है। इसमें चिट चैट कोंबो को शामिल किया गया है जिसमें पंजाबी तड़के की हर वैरायटी मुहैया कराई है। चिट चैट कोंबो में चाय, नमक पारे, शक्कर पारे, गुड़ पारे, मठ्ठी सब कुछ एक ही साथ मिलेगा। ऐसा पहली बार है जब किसी कोंबो में पंजाबी टच को शामिल किया गया है। लाउंड के उद्घाटन में एमबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन सतीश बाला मल्होत्रा, ग्रुप की एमडी मोनिका मल्होत्रा, जेएमडी सोनिका मल्होत्रा मौजूद रही। उन्होंने कहा कि चॉकलेट बाक्स अब से पहले तक होटल्स में होता था, पहली बार इसकी मॉल में शुरुआत की गई है। आने वाले पांच सालों में सौ मॉल्स में इसकी शुरुआत की जाएगी। चॉकलेट बाक्स में बर्गर, सैंडविच, शेक, पंद्रह वेरायटी की चॉकलेट्स, रैप्स, ब्रेडस की वेरायटी, शेक्स का लुत्फ उठा सकते हैं।

चिट चैट कोंबो।